


### बहू और उसके परिवार को खत्म करने की रची गई थी साजिश

# जहरीली मिठाई कांड का खुलासा : तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/ जुन्नारदेव,01 फरवरी. जुन्नारदेव पुलिस ने पीएचई विभाग के कार्यालय के बाहर मिली जहरीली मिठाई से हुई तीन मौतों की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में सनसनीखेज खुलासा करते हुए मृतिका खुशबू के ससुर, देवर और ननद को गिरफ्तार किया है।**

आरोपियों ने बदनामी का बदला लेने के लिए मिठाई में सोमल (आर्सेनिक) मिलाकर पूरे परिवार की हत्या की साजिश रची थी। बता दे कि जनवरी 2026 की रात जुन्नारदेव स्थित पीएचई कार्यालय के गेट के पास एक अज्ञात बैग लटका मिला था, जिसमें सब्जी और नमकीन के साथ मिठाई का डिब्बा रखा था। 9 जनवरी को इस मिठाई को चौकीदार दशरू यदुवंशी ने खाया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अगले दिन 10 जनवरी को पास ही चाय का ठेला लगाने वाले मुकेश कथुरिया की पत्नी संतोषी ने बची हुई मिठाई अपने बच्चों और ससुर को खिला दी। जहरीली मिठाई के सेवन से सुंदरलाल कथुरिया और खुशबू कथुरिया की भी मौत हो गई, जबकि संतोषी और उसकी बेटी पूजा अस्पताल में इलाज के बाद ठीक हो गईं।

## जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में सायबर सेल की मदद से जब जांच शुरू हुई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। मिठाई में था आर्सेनिक ,खाद्य एवं औषधि विभाग की रिपोर्ट में मिठाई के नमूने में आर्सेनिक की मात्रा अधिक पाई गई, जो मानक मात्रा से कहीं ज्यादा थी। जिससे स्पष्ट हुआ कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जानबूझकर हत्या करने की नीयत से मिठाई में आर्सेनिक युक्त पदार्थ मिलाकर पीएचई. कार्यालय के गेट के पास रख दिया है।

## बदनामी का लिया बदला

मामले की जांच में पुलिस को ज्ञात हुआ कि मृतिका खुशबु के ग्राम थावरीकला थाना चांद निवासी ससुराल वाले की अपने घर में घोड़ा पालते है और उन्हे सोमल दवाई खिलाते है।पुलिस को यह भी ज्ञात हुआ कि कि संतोषी कथुरिया की बड़ी बेटी खुशबु कथुरिया को संतोषी के भाई झाड़ू कसार का बड़ा बेटा अखिलेश निवासी थावरीकला ने भगाकर शादी कर लिया था जिसकी एक 04 माह की बेटी है ससुराल वाले खुशबु को प्रताड़ित करते थे इसलिये 03 दिसंबर 25 को संतोषी कथुरिया ने अपनी बेटी खुशबु को और उसकी 04 माह की बेटी को अपने घर जुन्नारदेव लेकर आ गई थी और ससुराल थावरीकला वापस नही जाना चाह रही थी, परंतु खुशबु का ससुर, देवर और ननंद अपनी बहु खुशबु को वापस ससुराल बुलाने के लिये रिश्तेदारी में फोन लगाकर धमकी भी दे रहे थे। मृतिका खुशबू अपने ससुराल (ग्राम थावरीकला) को छोड़कर मायके आ गई थी और रिश्तेदारों को ससुर द्वारा गलत व्यवहार करने तथा देवर-ननद द्वारा मारपीट की बात बताती थी। अपनी इसी बदनामी से परेशान होकर ससुराल पक्ष ने उसे रास्ते से हटाने का प्लान बनाया।

## मिठाई में दवाई मिलाकर ठेले में रखा

मृतिका खुशबू का ससुर झाड़ू कसार, देवर शुभम कसार और ननंद शिवानी कसार 08 जनवारी की रात में तीनो ने घोड़ो को अत्यंत कम मात्रा में दवाई के रूप में दी जानी वाली सोमल दवाई मिठाई में मिलाकर उसे थैला में अन्य सब्जी एवं नमकीन के साथ रखकर रात्रि के समय मृतिका खुशबु के पिता मुकेश कथुरिया के चाय के ठेले के पास स्थित गेट के पास चोरी छुपे रख दिये थे जिसे सबसे पहले पीएचई. कार्यालय का चौकीदार दशरू यदुवंशी ने खाया फिर संतोषी ने अपने परिवार वालो के साथ खाई जिनकी तबियत खराब होने पर दशरू यदुवंशी, खुशबु कथुरिया और सुन्दरलाल कथुरिया की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी झाड़ू कसार 57 वर्ष, उसके बेटे शुभम कसार 24 वर्ष और बेटी शिवानी कसार 22 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 103 ( 1), 109 ( 1) और 61 (2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम

निरीक्षक राकेश बघेल थाना प्रभारी जुन्नारदेव, उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे, सउनि. सतीष दुबे, मप्रआर. प्रेमलता धुर्वे, आर. रामअवतार तिवारी, आर. नीलेश पाल, आर. संतोष धुर्वे, आर. राजपाल बघेल, आर. भगवानसिंह, आर. हितेन्द्र रघुवंशी, आर. अनिल उइके, आर. संदीप झरबड़े, थाना जुन्नारदेव , सायबर सेल से आर. आदित्य रघुवंशी, प्रआर. नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कॉम्बिंग आपरेशन : एक ही रात में किया 120 बारंटी गिरफ्तार

### गश्त के दौरान 25 स्थायी व 95 गिरफ्तारी, 5 गुम इंसान दस्तयाब कर परिजनो को सौंपे



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,01 फरवरी. पुलिस मुख्यालय भोपाल क निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने गत रात्रि काम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया। जिसके तहत अलग अलग थानों की टीमें तैयार की गई। टीमों में मुखबिर की सूचना पर 120 वारंटियों को घेराबंदी कर घर दबोच कर वारंटियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।**

बता दें कि जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी डीएस. शेंडे एवं उनकी टीम ने कार्यवाही की। एसपी अजय राणा के नेतृत्व में थाना कुंडीपुरा ने सर्वाधिक वारंट तामील किया। जिसमें 07 स्थायी व 12 गिरफ्तारी, कुल 19 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया हैं। एसडीओपी चौरई श्रीमती भारती जाट के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा में 03 स्थायी व 11 गिरफ्तारी सहित कुल 14 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। सीएसपी अजय राणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली में 02 स्थायी व 12 गिरफ्तारी सहित कुल 14 वारंटियो को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की है। पुलिस टीम ने आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो, जिले के गुंडा, निगरानी बदमाश, जिला बदर, जेल से रिहा आरोपियों, कबाड़ियों की काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान सघनता से जांच की। वही गुम इंसानो (व्यक्तियों) की दस्तयाबी की गई। जिसमें 108 गुंडा बदमाश, 77 निगरानी बदमाश, 03 जिला बदर के आरोपी, 50 कबाड़ियो की जांच कर रिकार्ड दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए 05 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया। अवैध शराब की तस्करी और खुले स?थान शराब पीने वाले 17 व्यक्तियों से 120 लीटर अवैध शराब जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई। पुलिस टीमों ने सभी थाना क्षेत्रों में इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की है। साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की ।


**नाड़ी परिक्षण ईलाज**

**(1) लकवा, बिपी, शुगर, दारू छोड़ना, पाथरी, मानसिक रोग, स्त्री रोग, सर दर्द, चक्कर , दुबलापन रोग, हड्डी जोड़, दमश्वास, टिबी कैन्सर आदि व अन्य इलाज किया जाता है.**

पंजीयन क्रमांक-24825/25
वैध श्री, धर्मेन्द्र बनारसे
मु. घडेला तह.सौंसर
जिला पाढुरना (म.प्र.)
मोबा. 8305876287


# अज्ञात कारणों के चलते महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,01 फरवरी.** उमरनवाला चौकी क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली महिला की अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कल्पना पति कैलाश सोनू ले 48 साल उमरानाला की रहने वाली है। बीते दिन उसका अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया हो गया था। उसके परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उसे वापस घर ले गए। घर जाने के बाद उसके पति ने पीएम करवाने की मंशा जाहिर की। जिसके बाद उसे दोबारा अस्पताल वापस लाया गया। जहां पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम का शव परिजनों को सौंप दिया। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत की कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।


**मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक**

**डॉ. तुषार ताल्हन**
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्पिटल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें- 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजेफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्सशन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूमे बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा



INDIA'S LARGEST CONTAINER PORT — जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (पत्तन योजना एवं विकास विभाग) — DEVELOPED INDIA MISSION

**लघु ई-निविदा सूचना**

**निविदा क्रमांक: पीपीडी/डिजीएम-I/डिसमॅन्टलिंग बिल्डिंग्स/टी-55(आर)/2026 दिनांक: 30.01.2026**

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण द्वारा "जेएनपी टाउनशिप के सेक्टर-I के ए-43 से ए-65 तथा सेक्टर-III के ए-13 से ए-20 (कुल 31 भवनों) के भवनों का ध्वस्तीकरण करना, भवन स्क्रैप एवं निर्माण सामग्री को हटाकर ले जाना।" इस कार्य के लिए प्रतिशत दर आधार पर **"ऑन-लाइन"** निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

इस कार्य के लिए न्यूनतम **आरक्षित मूल्य रुपये 2,16,90,000.00** निर्धारित किया गया है। निविदा बिक्री की अवधि 02.02.2026 से 28.02.2026 तक रहेगी। इस निविदा दस्तावेज में निर्धारित **"न्यूनतम अर्हता मानदंड"** को पूर्ण करने वाले अनुभवी ठेकेदारों को अपनी निविदाएँ दो कवर प्रणाली में ऑनलाइन प्रस्तुत करनी होंगी। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा दस्तावेज जेएनपीए की वेबसाइट "www.jnport.gov.in" अथवा "https://eprocure.gov.in" पर उपलब्ध हैं।

मुख्य महाप्रबंधक
(पत्तन योजना एवं विकास विभाग)






एक्स-शोरूम कीमत ₹72700~ से शुरू | ब्याज दर 6.99%^ से शुरू | ई.एम.आई. ₹1999/-^ से शुरू | डाउन पेमेंट ₹8999/-^ से शुरू | 0 प्रोसेसिंग फीस, एडवांस ई.एम.आई., डॉक्यूमेंटेशन चार्ज

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक — HDFC BANK FESTIVE TREATS क्रेडिट कार्ड — Powered by pine labs

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. #Based on internal testing of 110cc scooters and on the testing report of govt Certified agency. ~Ex-Showroom Price of Destini110 in Madhya Pradesh. ^T&C apply.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरूकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन : रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी,प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन,नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित ।संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/ 2000/2589